आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया

-: कार्यालय आदेश :-

इस कार्यालय के आदेश ज्ञापांक-3581/स्था0 दिनांक-13.06.2025 के क्रम में कार्यालय के सभी कर्मी सहायक प्रशाखा पदाधिकारी सहित को आवश्यकतानुसार आकस्मिक अवकाश/विशेष अवकाश/प्रतिबंधित अवकाश की स्वीकृति हेतु (अधोहस्ताक्षरी की मौखिक अनुमति प्राप्त कर) कार्यालय के वरीयतम प्रशाखा पदाधिकारी श्री सुमंत कुमार को कार्यभारित किया जाता है।

सामान्यतः पदाधिकारी एवं कर्मी अधोहस्ताक्षरी से अनुमति प्राप्त कर ही अवकाश का उपभोग करेंगे। विशेष परिस्थिति में उपरोक्त व्यवस्था के अनुसार आकस्मिक अवकाश की स्वीकृति कार्यालय के वरीयतम प्रशाखा पदाधिकारी श्री सुमंत कुमार द्वारा दी जायेगी, ताकि कर्मियों को आकस्मिक स्थिति में दिक्कत न हो। सभी संबंधित कर्मी अपने प्रशाखा पदाधिकारी के माध्यम से आकस्मिक अवकाश आवदेन समर्पित करेंगे। यह आदेश मात्र आकस्मिक अवकाश/ विशेष अवकाश/प्रतिबंधित अवकाश के मामले में लागू होगा। उपार्जित अवकाश/चिकित्सा आवकाश के मामले में लागू नहीं होगा।

ऐसे सभी अवकाश की स्वीकृति की संचिका प्रत्येक माह के 25 तारीख को अधोहस्ताक्षरी को उपस्थापित की जायेगी।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

पूर्व में निर्गत आदेश इस हद तक संशोधित समझा जाए।

इसकी सूचना सभी संबंधितों को दी जाए।

R

आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक-3690/ पूर्णिया दिनांक 18.06.2025

प्रतिलिपिः- 1. आयुक्त के सचिव, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. श्री सुमंत कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया/स्थापना शाखा/विकास शाखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Raj K.
18/6/25

O/C

आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।